हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

11 सरकार गांवों को पीने का पानी भी नहीं दे सकती...



12 योग, अध्यात्म, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण का दिखा...



## खबर संक्षेप



### दुकानों के बाहर रखा सामान किया जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अभियान निरंतर जारी है। शुक्रवार को निगम टीम ने रेलवे स्टेशन रोड से अभियान की शुरुआत की। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। टीम ने राजगुरु मार्केट व आर्या बाजार में अतिक्रमण हटाने के साथ 12 दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। इसके बाद टीम ने नई सब्जी मण्डी के सामने से लेकर मिलगेट तक अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने बस स्टैण्ड से एक रेहड़ी जब्त की। इसके बाद टीम ने तालाकी गेट से लेकर विश्वकर्मा धर्मशाला तक व बस स्टैण्ड से सिरसा रोड पर कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई।

### गुजवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**हिसार।** जीजेयू ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2025 में हुई एमबीए जनरल प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025, एमबीए फाइनेंस प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025, एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025, एमबीए हेल्थकेयर प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025 का परिणाम घोषित किया गया है।

### आदमपुर में कल होगा रक्तदान उत्सव

**आदमपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 14 जून को हरियाणा ग्रीन्स मैरिज पैलेस में रक्तदान उत्सव एवं रक्तदाता सम्मान समारोह होगा। यह आयोजन टीम हेल्प 4 यू एवं राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की एनएसएस इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं आयोजन संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी की सहायता से रक्त संग्रहण के लिए सिविल अस्पताल हिसार तथा मेडिकल कॉलेज अग्रोहा की ब्लड बैंक टीम विशेष रूप से उपस्थित रहेगी।

### ध्यान पर आधारित होगा मेडिटेशन शिविर कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 14 जून को ध्यान के महत्व पर आधारित मेडिटेशन शिविर लगेगा। इस मेडिटेशन सेशन में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। इस दौरान स्वामी संजय व मां सांची साधकों को ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाते हुए ध्यान के महत्व से रूबरू करवाएंगे। स्वामी संजय ने बताया कि मेडिटेशन में साधकों को ध्यान के साथ नृत्य का भी अवसर मिलेगा। साधकों को सतगुरु ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी मौका मिलेगा।

### मारपीट और जानलेवा हमले के दो आरोपी काबू

**हिसार।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भोडिया बिश्नोई स्थित बाला जी होटल के पास मारपीट और जानलेवा हमले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भाणा निवासी संदीप ने शिकायत दी कि वह दोस्तों विकास, सचिन और रज्जू के साथ खाना खाने गया था। वहां मौजूद चार युवकों से हुक्का पीने को लेकर विवाद हो गया। आरोपियों ने मारपीट की और एक युवक ने तेजधार हथियार से संदीप की गर्दन पर गंभीर चोट पहुंचाई। पत्थरों से हमले में सिर व शरीर पर भी चोटें आईं। घायल का इलाज अग्रोहा मेडिकल में चल रहा है। पुलिस ने निशांत व प्रथम को गिरफ्तार किया है।

## नई ऑटो मार्केट स्थित महिंद्रा शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आदमपुर के खैरमपुर गांव का दिनेश खैरमपुरिया उर्फ मित्तू साइप्रस में बैठकर काला खैरमपुरिया और हिमांशु भाऊ गैंग के लिए काम कर रहा था। नई ऑटो मार्केट स्थित महिंद्रा शोरूम पर करीब दो साल पहले हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस को उसकी तलाश थी। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दिनेश खैरमपुरिया को साइप्रस से डिपोर्ट किया है। वह वर्ष 2020 में स्टडी वीजा पर साइप्रस गया था और वहां बैठकर भारत में अपराध को अंजाम देता था।

वर्ष 2026 में एसटीएफ द्वारा कराई गई यह 11वीं प्रत्यार्पण कार्रवाई है। पुलिस के अनुसार काला खैरमपुरिया गैंग हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, संगठित अपराध और अवैध हथियारों के उपयोग जैसी गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है तथा हरियाणा और राजस्थान के कई जिलों में इसका नेटवर्क फैला हुआ है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दिनेश उर्फ मित्तू, साइप्रस में रहते हुए अवैध डब्बा कॉलिंग नेटवर्क के जरिए रंगदारी की कॉल करवाने और गैंग के सदस्यों की पहचान व लोकेशन छिपाने का काम कर रहा था।

# साइप्रस में बैठकर काला खैरमपुरिया और हिमांशु भाऊ गैंग के लिए भारत में वारदातों को अंजाम देता था खैरमपुर का दिनेश

### *नए सदस्यों की भर्ती में भी थी भूमिका*

*पुलिस का मानना है कि वह विदेश में बैठे अपराधियों और स्थानीय अपराधियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रहा था। जांच एजेंसियों के अनुसार दिनेश गैंग के लिए नए सदस्यों की भर्ती करने और विभिन्न क्षेत्रों में गैंग का प्रभाव बढ़ाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था। वह गैंग नेतृत्व के निर्देशों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और आपराधिक गतिविधियों के समन्वय का कार्य करता था।*





### दिनेश को वापस लाने के लिए एसटीएफ ने जारी करवाया था लुक आउट सर्कुलर

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि साइप्रस में बैठे दिनेश उर्फ मित्तू का काम लोगों को डरा धमकाकर उगाही करने का था। वह विदेश से पूरा गैंग हैंडल कर रहा था। आरोपी लगातार पुलिस की रडार पर था। पुलिस के अनुसार दिनेश हिसार पुलिस की रडार पर तब आया जब वर्ष 2024 में इनेलो नेता रामभगत गुप्ता के नई ऑटो मार्केट स्थित महेंद्रा शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस काला खैरमपुरिया समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और तीन आरोपियों विकास, सन्नी खरड़ और आशीष का एनकाउंटर हो चुका है। आरोपी को पकड़ने और वापस लाने के लिए एसटीएफ ने लुक आउट सर्कुलर जारी कराने सहित कई कानूनी और अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाएं अपनाईं। इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस की कार्रवाई के बाद अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से मिली सूचना के आधार पर साइप्रस में उसकी पहचान कर डिपोर्टेशन प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी दिनेश को दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान दिनेश के आपराधिक नेटवर्क, विदेशों में बैठे गैंग सरगनाओं और उसके संपर्कों की गहन जांच की जाएगी। साथ ही रंगदारी और अन्य संगठित अपराधों में उसकी भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी।

### नई ऑटो मार्केट में दो साल साल पहले फायर किए थे 30 राउंड

लगभग दो साल पहले ऑटो मार्केट स्थित महेंद्रा शोरूम पर बदमाशों ने फायरिंग की थी। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। दहशत के चलते लोग दुकानों में छिप गए थे। यहां करीब 30 राउंड फायर किए गए। शोरूम के सामने के शीशे टूट गए थे और एक गाड़ी के आगे के शीशे में भी गोली लगी थी। फायरिंग से पहले दो बदमाश शोरूम के अंदर गए थे और काउंटर पर पर्ची फेंकी थी। इसके बाद बाहर आकर फायरिंग शुरू कर दी। एक-एक कर यहां करीब 30 राउंड गोलियां चलाई गई। इसके बाद बदमाश बाइक से ही बरवाला चुंगी की तरफ फरार हो गए। फायरिंग के बीच लोगों ने गाड़ियों के पीछे छिपकर जान बचाई। शोरूम के काउंटर पर बदमाशों ने एक पर्ची फेंकी थी।

**उस पर लिखा था,** 'जय श्री राम, जय गऊ माता। या तो 5 करोड रुपए तैयार कर लिए, नहीं तो शोरूम में बैठने वाला नहीं पावैगा। काला खैरमपुरिया, लालू खारिया, सन्नी खरड़ीया, साजिद खान, सुरेश ढढूंरिया, भाउ गैंग, नीरज बवाना गैंग, नीरज फरीदपुरिया।'

# अंधड़ में 487 खंभे व 48 ट्रांसफार्मर गिरे, कई क्षेत्रों में बिजली गुल, बहाली में लगेंगे दो दिन

### उकलाना में 35 खंभे गिरने से व्यवस्था बेपटरी गर्मी में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार रात्रि को तेज अंधड़ के चलते 487 बिजली के पोल तथा 48 ट्रांसफार्मर गिर गए। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में पेड़ भी उखड़ गए। तेज अंधड़ के कारण बिजली के लगातार पोल व ट्रांसफार्मर गिरने से जहां निगम को लाखों को नुकसान पहुंचा है, वहीं विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी है। गुरुवार को खासकर उकलाना तथा बरवाला इलाके में भारी संख्या में पोल व ट्रांसफार्मर गिर हैं। इसके चलते रातभर बिजली गुल रही। शुक्रवार को दिनभर निगम के कर्मचारी व अधिकारी बिजली आपूर्ति सुचारू करने में जुट रहे। अधिकतर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन कई गांवों में बिजली सुचारू नहीं हो पाई है।

उधर, उकलाना क्षेत्र में गुरुवार रात्रि को तेज आंधी ने बिजली व्यवस्था को बेपटरी कर दिया है। समैन गांव स्थित 220 केवी पावर हाउस से बिठमड़ा स्थित 33 केवी पावर हाउस को जाने वाली 33 केवी बिजली लाइन कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे क्षेत्र के चार गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। बिजली अधिकारियों का कहना है कि लाइन के लगभग 35 खंभे टूटकर गिर गए हैं, जिसके चलते बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है।



### बिठमड़ा पावर हाउस की सप्लाई पूरी तरह बाधित

बिजली अधिकारियों के अनुसार गुरुवार रात आई तेज आंधी की वजह से समैन पावर हाउस से बिठमड़ा पावर हाउस तक आने वाली 33 केवी लाइन तेज अंधड़ की चपेट में आ गई। तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर बिजली के खंभे उखड़ गए और तार टूटकर नीचे गिर गए। इसके चलते बिठमड़ा पावर हाउस की सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली आपूर्ति बंद होने से बिठमड़ा, सुरेवाला, चितैन और भीमावाला गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### क्षतिग्रस्त लाइन का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू

घटना की सूचना मिलते ही बिजली निगम के अधिकारी और कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचे तथा क्षतिग्रस्त लाइन का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नुकसान काफी बड़ा है, इसलिए लाइन को पूरी तरह बहाल करने में एक से दो दिन का समय लग सकता है। इसी कारण बिठमड़ा पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है।

## धीरनवास में गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम



**हिसार।** चार दिन पूर्व आए तेज अंधड़ की वजह से बालसमंद क्षेत्र के गांवों में अभी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। गर्मी के मौसम में बुरा हाल है। चार दिन से बिजली और पानी के संकट से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को हिसार-भादरा मुख्य मार्ग पर धीरनवास गांव के पास जाम लगा दिया और नारेबाजी की। जाम लगा रहे लोगों ने बताया कि चार दिन पहले आई आंधी और बारिश के कारण 500 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए थे। इसके परिणामस्वरूप धीरनवास, रावलवास खुर्द, टोकस, पातन और हिन्दवान सहित आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लगातार बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को पेयजल की गंभीर समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली निगम समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने हिसार-भादरा रोड पर धरना देकर यातायात बाधित कर दिया। रोड जाम होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने मांग की कि बिजली व्यवस्था को युद्ध स्तर पर बहाल किया जाए और प्रभावित गांवों में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। बिजली निगम के एसडीओ धर्मवीर का कहना है कि क्षेत्र में बिजली समस्या के समाधान के लिए कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति आज सुचारू कर दी जाएगी।



## ज्वेलर्स शॉप में चोरी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

■ लाखों रुपये के सोने आभूषण सहित वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

**हांसी।** एवीटी पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से सोने के आभूषण व चोरी की वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। आरोपियों की पहचान जींद जिले के गांव किला जफरगढ व हाल बरवाला निवासी दीपक उर्फ दीपू व बरवाला निवासी आंचल तथा मीनाक्षी के रूप में हुई है। इस संबंध में शहर थाना पुलिस द्वारा 8 जून को स्थानीय ज्वेलर्स सूबे सिंह की शिकायत पर चोरी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में सूबेसिंह ने कहा था कि 8 जून को चार व्यक्ति उसकी दुकान पर आए और सोने के आभूषण दिखाने के लिए कहा और आभूषण देखते समय उसे बातचीत में उलझा कर चार जोड़ी सोने के कुंडल तथा चार सोने की नाक की तीलियां चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए। एवीटी इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर तीन आरोपियों को काबू कर लिया। काबू किए गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार किए जाने पर उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए चार जोड़ी सोने के कुंडल, चार सोने की नाक की तिलियां तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर

## नगर निगम ने दो व्यावसायिक भवन किए सील

**हिसार।** नगर निगम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के दो व्यावसायिक भवनों को सील कर दिया। एक्सईएन जयबीर डूडी ने बताया कि डीसी कॉलोनी स्थित एक व्यावसायिक भवन तथा गोबिंद नगर स्थित एक व्यावसायिक भवन को सील करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित भवन स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्मित नहीं किए गए थे। निर्धारित नियमों और भवन मानकों का उल्लंघन पाए जाने के कारण यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान जेई संदीप काजल, जेई अजय शिहाग, जेई विकास पूनिया, जितेन्द्र सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।



## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी का आरोपी काबू, 4 लाख रुपये बरामद

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के गांव गफूरपुरा मोलवीवाला निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी की राशि में से 4 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि थाना बास क्षेत्र निवासी अंकित ने शिकायत दी थी कि उसे व्हाट्सएप ग्रुप एवं एक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच देकर आरोपियों ने विभिन्न बैंक खातों में उससे अलग-अलग किश्तों में कुल 16,79,120 रुपये जमा करवा लिए। बाद में मुनाफा निकालने के नाम पर उससे और रुपये जमा करवाने की मांग की गई। जब शिकायतकर्ता ने और रुपये देने से मना कर दिया तो व्हाट्सएप ग्रुप एवं एप्लीकेशन बंद कर दिए गए, जिससे उसे अपने साथ हुई साइबर धोखाधड़ी का पता चला। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में मामला दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों एवं वित्तीय लेन-देन की पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### हिसार बार एसोसिएशन के चुनाव में पड़े 2088 वोट

# प्रदीप बाजिया प्रधान, समीर सिहाग बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश की सबसे पुरानी जिला बार एसोसिएशन का चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। कड़े मुकाबले में प्रदीप बाजिया ने मोहित अरोड़ा को पराजित करके प्रधान बने। बार एसोसिएशन चुनाव के अन्य नतीजों में समीर सिहाग को सचिव राहुल सिंह उपप्रधान, आशा रानी कोषाध्यक्ष व साहिल सह सचिव चुने गए हैं।

चुनाव में प्रधान पद के लिए प्रदीप बाजिया को 1066 व मोहित अरोड़ा को 953 वोट मिले। ओम नारायण कौशिक को 54 व नोट पर पांच वोट गए। इस प्रकार प्रदीप बाजिया ने 113 वोटों से जीत दर्ज की। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। पांच बजे तक लगभग 2088 वोट पोल हुए जबकि कुल वोट लगभग 2763 हैं। मतदाता सूची के अनुसार 517 महिला और 2246 पुरुष अधिवक्ता हैं।



इस बार बीसीआई ने एडहॉक कमेटी की सिफारिश पर चुनाव पर पूरी तरह से रोक लगा रखी थी और चुनाव को अवैध करार दिया है। मगर रिटर्निंग अधिकारी और वकीलों ने बैठक कर चुनाव करवाने पर सहमति जताते हुए चुनाव करवाने की सिफारिश की थी।

### जानें... किस पद पर कौन जीता व किसे कितने मत से हराया

| पद | विजेता | प्राप्त वोट | प्रमुख प्रतिद्वंद्वी | प्राप्त वोट | जीत |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रधान | प्रदीप बाजिया | 1066 | मोहित अरोड़ा | 953 | 113 |
| उप प्रधान | राहुल सिंह | 948 | श्वेता शर्मा | 505 | 443 |
| सचिव | समीर सिहाग | 1161 | राजबीर सिंह भाटी | 616 | 545 |
| सह सचिव | साहिल मंडेरना | 760 | कर्ण छाबड़ा | 673 | 87 |
| कोषाध्यक्ष | आशा रानी बाल्यान | 1025 | गरिमा जैन | 909 | 116 |

### जानें... कैसा रहा अन्य उम्मीदवारों का प्रदर्शन

| पद | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| प्रधान | ओम नारायण कौशिक | 54 |
| प्रधान | नोटा | 5 |
| उप प्रधान | अश्वनी कुमार | 364 |
| उप प्रधान | भागीरथ सिंह | 226 |
| उप प्रधान | नोटा | 34 |
| सचिव | मोहित चौधरी | 220 |
| सचिव | रामनिवास चौधरी | 61 |
| सचिव | नोटा | 20 |
| सह सचिव | जगरूप सिंह | 623 |
| सह सचिव | नोटा | 23 |
| कोषाध्यक्ष | पूजा गिरी | 111 |
| कोषाध्यक्ष | नोटा | 32 |

## हांसी के ऐतिहासिक किले में 500 साल पुरानी मजार पर तोड़फोड़

■ मजार पर रखे कपड़ों में लगाई आग, बाबा मीरा साहब की प्रतिमा हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शरारती तत्वों ने गुरुवार रात पृथ्वीराज चौहान के ऐतिहासिक किले पर बनी करीब 500 साल पुरानी बाबा मीरा साहब की मजार में तोड़फोड़ और आगजनी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात व्यक्तियों ने समाधि परिसर में रखी बाबा मीरा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया और मजार के अंदर रखे कपड़ों में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही किला बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

समाधि की देखरेख करने वाले कृष्ण दास ने बताया कि गुरुवार रात खराब मौसम के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे पूरे परिसर में अंधेरा था जिसके चलते वे रात 10 बजे यहां से घर चले गए थे। उन्होंने बताया कि रात को मजार पर कोई व्यक्ति नहीं रुका था। शुक्रवार सुबह जब वे मजार पर पहुंचे, तो उन्हें प्रतिमा व अन्य सामान टूटा हुआ तथा अस्त व्यस्त मिला तथा मजार के भीतर रखे कपड़े जले हुए मिले। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर किला बाजार चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच मजार का निरीक्षण कर जांच आरंभ कर दी।

मजार महंत कृष्ण दास के अनुसार यह समाधि लगभग 500 वर्ष पुरानी है। प्रारंभिक जांच में किसी नकदी या अन्य सामान की चोरी की बात सामने नहीं आई है। हालांकि जिस प्रकार एक धार्मिक स्थल को निशाना बनाकर तोड़फोड़ और आगजनी की गई है, उससे स्थानीय समुदाय में चिंता व्याप्त है।



### पुलिस ने किया निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलते ही किला बाजार चौकी प्रभारी अनिल कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र से जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की रही है। इसके अलावा मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

### शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

इस घटना से बाबा मीरा साहब में आस्था रखने वाले लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही सभी आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।



## अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि

## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



### हॉलीवुड मसाला



## ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



## टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



## नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




## ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

### टीवी मसाला



## दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।



## 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

## इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपित विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाईं थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 21 बोतल अवैध शराब सहित एक काबू

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को काबू करके उससे 21 बोतल देशी शराब बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य सिपाही जगदीप सिंह ने तोशाम रोड स्थित टुलिप रिजोर्ट के पास गश्त के दौरान सफेद रंग की स्कूटी पर अवैध शराब लेकर डाबड़ा गांव की तरफ से हिसार आ रहे युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 21 बोतल शराब बरामद हुई युवक की पहचान शास्त्री नगर में रहने वाले पंजाब के फिरोजपुर जिले के ब्रह्म नगरी निवासी संजय चावला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर ली है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तोल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उकलाना थाना के बुढ़ाखेड़ा गांव निवासी विष्णु के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक रामफल ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर विष्णु को शक के आधार पर काबू करके तलाशी ली तो उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। अग्रोहा थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में अग्रोहा के वार्ड 5 निवासी राजेश ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गत 4 जून को पुरानी रंजिश के चलते नामजद आरोपियों ने उसे व उसके पुत्र अनमोल को कार से टक्कर मारी तथा बाद में बीयर की बोतलों से हमला करके चोट मारी। मामले की जांच के दौरान आरोपी अग्रोहा निवासी अजय, जतिन व सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में प्रयुक्त आई-20 कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### चोरीशुदा गाड़ी सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** मोहल्ला डोगरान पुलिस चौकी ने चोरी के मामले में हनुमानगढ़ जिले के झांसल गांव निवासी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा गाडी बरामद कर ली है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मोहल्ला सैनियान निवासी राजू की शिकायत पर उसकी टाटा-एस गाड़ी सैनी स्कूल पास से चोरी करके ले जाने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### सिविल लाइन पुलिस ने भगोड़ा पकड़ा

**हिसार।** विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों व बेल जंपरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस ने एक पीओ को काबू किया है। थाना प्रभारी पीएसआई कर्मजीत ने बताया कि सूचना के आधार पर एक पीओ को पकड़ा गया है। आरोपी पीओ की पहचान किरोड़ी गांव निवासी अशोक उर्फ शौकी के रूप में हुई है।

### पुलिस ने 600 लीटर अवैध लहन किया नष्ट

**हिसार।** स्वेट टीम-1 एवं थाना सदर पुलिस ने संयुक्त रूप से गांव पीरावली में कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध स्थान पर छापा मारा। यहां पर तलाशी के दौरान अवैध देसी शराब तैयार करने के उद्देश्य से रखा गया लगभग 600 लीटर अवैध लाहन बरामद हुआ। मौके पर कोई संदिग्ध व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। पुलिस टीम ने बरामद अवैध लहन को नष्ट कर दिया।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम, प्रभुवाला में बाथरूम के गेट एवं जिम के सामान की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव के ही मंदीप व राजीव के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीएफसी फुटबॉल ट्रस्ट, प्रभुवाला के प्रतिनिधि कर्मबीर ने इस संबंध में शिकायत दी थी।

# जिम संचालक कपिल हत्याकांड: 36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, 6 टीमें कर रहीं आरोपियों की तलाश

### फव्वारा चौक पर सरेआम की गई थी गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

फव्वारा चौक पर सरेआम जिम संचालक कपिल की गोलियां मारकर की गई हत्या के मामले में घटना के करीब 36 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर थाना व सीआईए सहित छह विशेष टीमें गठित की हैं, जो विभिन्न जिलों और आरोपियों के छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। हालांकि अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह शहर में उस समय सनसनी फैल गई थी, जब अज्ञात बाइक सवार दो हमलावरों ने जिम संचालक कपिल पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमलावरों ने कपिल को निशाना बनाते हुए करीब 10 गोलियां दागीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में एक युवती भी घायल हुई थी, जिसका हिसार के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने मारी थीं 10 गोलियां

**खास बातें**

- जिम संचालक कपिल की गोली लगने के बाद मौके पर ही हो गई थी मौत
- हमले में एक युवती भी हो गई थी घायल, हिसार के एक निजी अस्पताल में उसका चल रहा है इलाज

#### गैंग एंगल सहित सभी पहलुओं पर की जा रही जांच

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस इस हत्याकांड में गैंगवार, पुरानी रंजिश, व्यक्तिगत विवाद और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। जांच एजेंसियां कपिल के संपर्कों, हाल के विवादों और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित सीआईए व साइबर सेल सहित छह टीमें लगातार काम कर रही हैं और कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। बता दें कि शहर में चर्चित बने इस हत्याकांड पर सभी की निगाहें पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। 36 घंटे बीत जाने के बावजूद आरोपियों का सुराग न लगने से लोगों में चिंता बनी हुई है।

#### परिजनों और लोगों में रोष

*हत्या की वारदात के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि शहर के बीचों-बीच हुई इस घटना ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।*

#### सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच पर फोकस

पुलिस की जांच का केंद्र अब सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्य हैं। जांच टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे कई कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर उनका विश्लेषण शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, लेकिन अभी जांच के हित में उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जा सकता है।

### एसआईआर को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण

**हिसार।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुक्रवार को एक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सहित संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभागिता की। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने एसआईआर की संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप संचालित करने के लिए मार्गदर्शन के साथ-साथ प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए विषयों के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ पूरा करने की हिदायत दी गई।

### चानौत में पानी के लिए चल रहे धरने का आप ने किया समर्थन

# सरकार पेयजल भी नहीं दे सकती तो उसे सत्ता में रहने का हक नहीं

#### सरकार अकड़ में बैठी है तो याद रखे, जनता बड़े बड़ों की अकड़ तोड़ना जानती है : डॉ. सुशील गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी



हांसी। चानौत में चल रहे धरने को संबोधित करते आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सुशील गुप्ता। *फोटो: हरिभूमि*

बरवाला रोड स्थित गांव चानौत में पीने के पानी की मांग को लेकर चल रहा धरना 28वें दिन भी जारी रहा। वहीं धरने पर बैठे ग्रामीणों की मांग का आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता समर्थन किया। इस अवसर डॉ. सुशील गुप्ता ने धरनारत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उनकी मांग का समर्थन किया और हरियाणा की सैनी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर तीखा हमला बोला। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार गांवों को पीने का पानी भी नहीं दे सकती, तो उसे सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि चानौत गांव के सामने से हांसी शहर के लिए जो पीने के पानी की पाइपलाइन दबाई जा रही है, उसमें से गांव को भी कनेक्शन मिलना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चानौत गांव के इस आंदोलन की गूंज सिर्फ हांसी या हरियाणा में नहीं, बल्कि पूरे देश में गूंज रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वे खुद इस धरने पर आएं और अपने हाथों से ग्रामीणों को पाइपलाइन का कनेक्शन दें। उन्होंने कहा, यदि सरकार अपनी अकड़ में बैठी रही, तो हरियाणा की जनता बड़े-बड़ों की अकड़ तोड़ना जानती है।

#### सकारात्मक निर्णय ले सरकार : सोरखी

इस अवसर पर हांसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने कहा कि पिछले 28 दिनों से लगातार धरना जारी रहने के बावजूद समस्या का समाधान न होना सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से ग्रामीणों की मांग पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। उधर आमरण अनशन और धरने पर बैठे ग्रामीणों ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि जब तक गांव को हांसी के लिए जा रही भाखड़ा पाइपलाइन से पेयजल कनेक्शन नहीं दिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# छह गांवों को दिए पानी के टैंकर

- पेयजल संकट को दूर करने के लिए सांसद कुमारी सैलजा ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶उकलाना



उकलाना। पीने के टैंकर भेंट करतीं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद कुमारी सैलजा ने स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह की स्मृति में क्षेत्र के छह गांवों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए पानी के टैंकर उपलब्ध करवाए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह जन-जन के प्रिय नेता थे और उन्होंने हमेशा समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया। कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से समाज का हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से आमजन जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क तक जनता के हितों की लड़ाई लड़ने का कार्य करती है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर चंद्रहर्ष, करण सिंह नैन, रीमा, सोनी बाला देवी, चांदीराम सेलवाल, वीरेंद्र सेलवाल, ईश्वर सरपंच, राजेश भुटानी, हरपाल सेलवाल, विनोद मित्तल, डॉ. जय भगवान राजलीवाल, सुरेश गर्ग, अनिल सरपंच, अनिल नैन, सुरेंद्र सेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### नशे के खिलाफ अभियान चलाया

**आदमपुर।** रेलवे स्टेशन पुलिस ने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इंचार्ज मीना कुमारी ने यात्रियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा के चलते युवा मर रहे और इस कारण परिवार उजड रहे है। उन्होंने समय रहते बच्चों का ध्यान रखना चाहिए ताकि बचे भटकने न पाए। उन्होंने असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को बताने की अपील की ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

## न्यूज डायरी

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 15 से : डीडीपीओ

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण एवं अद्यतन के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान 15 जून से शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे तथा गणना प्रपत्र भरवाएंगे। यह जानकारी डीडीपीओ एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में करीब 1 लाख 80 हजार पंजीकृत मतदाता हैं।

### पुलिस ने गुमशुदा 11 मोबाइल मालिकों को लौटाए

**हिसार।** साइबर सुरक्षा शाखा ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए जून माह में सात शिकायतों का निपटारा करते हुए गुम हुए 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिको को बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सौंपे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर सुरक्षा शाखा में मोबाइल गुम होने की शिकायत आती रहती है। इनकी जांच करते हुए साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी पीएसआई अमित कुमार व उनकी टीम में मुख्य सिपाही मुकेश कुमार सहारण व सिपाही नितिन ने 11 मोबाइल फोन की बरामदगी की है।

### सोशल मीडिया पर अपराधियों को फॉलो कर फंसे

**हिसार।** जिला पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। इसी कड़ी में अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर अपने फॉलोवर्स बढ़ाकर अपराध को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को अपराध के प्रति प्रेरित करने की कोशिशों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। इसी कड़ी में अपराध शाखा ने इंस्टाग्राम पर प्रिंस पूनिया नामक आईडी धारक और उसे फॉलो करने वाले हिसार व हांसी क्षेत्र के पांच अन्य नौजवान लड़कों को कार्यालय में तलब किया गया।पुलिस ने मौके पर ही अनफॉलो और ब्लॉक करवाया।

### विधायक आज करेंगे पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**हिसार।** केंद्र सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक रणधीर पनिहार शनिवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर से पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। वन विभाग द्वारा चलाए जाने वाले इस अभियान के दौरान एसडीएम कार्यालय तथा दक्षिणी बाइपास के बीच के खाली क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। इसी प्रकार से आगामी 15 जून को महाबीर स्टेडियम से एक मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा।

### भारतीय सेना भर्ती रैली को लेकर हुई बैठक

**हिसार।** भारतीय सेना भर्ती रैली की व्यवस्थाओं, आउटरीच कार्यक्रमों तथा व्यापक जन-जागरूकता अभियान के संबंध में उपायुक्त महेंद्र पाल तथा सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल दीपक चौहान ने एक बैठक कर चर्चा की। बैठक में एसीयूटी विवेक यादव भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान विशेष रूप से आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं तक सेना भर्ती संबंधी जानकारी पहुंचाने तथा पात्र अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया एवं उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया गया।

### सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक

हिसार। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में दक्ष बनाने के उद्देश्य से निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत संचालित निपुण हरियाणा पेरेंट ऐप के माध्यम से बच्चों के लिए एक अभिनव डिजिटल होम लर्निंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कक्षा दूसरी एवं तीसरी के विद्यार्थियों को घर पर ही भाषा एवं गणित का नियमित अभ्यास कराते हुए उनकी सीखने की क्षमता को और अधिक मजबूत बनाना है। यह जानकारी डीईओ राम रतन तथा डीईईओ नरेंद्र कुमार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक के दौरान दी।

### गुजवि में बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को होगा। बीएससी नर्सिंग में दाखिले के लिए 1833 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे होगा।

### विधायक ने किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**हांसी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को हिसार रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के निकट पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने जामुन का पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है।

### शिविर में पुलिस कर्मियों ने करवाई आंखों की जांच

**हांसी।** पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को पुलिस लाइन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आई-क्यू सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पुलिस कर्मियों की आंखों की विस्तृत जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान मोतियाबिंद, दृष्टिदोष सहित विभिन्न नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच की गई तथा जरूरतमंद कर्मचारियों को उपचार एवं देखभाल संबंधी सलाह दी गई।



बरवाला। आईटीआई बरवाला का हरियाणा में प्रथम स्थान और भारत में तीसरी रैंक आने पर बधाई देते गणमान्य व्यक्ति। *फोटो: हरिभूमि*

### बरवाला आईटीआई ने पाया हरियाणा में प्रथम और भारत में तीसरा स्थान

**बरवाला।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गवर्नमेंट आईटीआई बरवाला ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हरियाणा में प्रथम स्थान और पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। संस्थान की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवीण डाबला ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की रैंकिंग प्रक्रिया के दौरान गवर्नमेंट आईटीआई बरवाला ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय संस्थान के समर्पित स्टाफ, प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों को दिया। आईटीआई बरवाला की इस उपलब्धि पर चेयरमैन राकेश बंसल, वाइस प्रिंसिपल नीरज लिखा, हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के मेंबर साधुराम जाखड़, जी.आई. जयपाल, जी.आई.राजेश, आई.सी.सी.मेंबर सुनीता जाखड़, शिव कुमार सोनी, जिले सिंह, अर्चना भारद्वाज, आई एम.सी.के मेंबर और बरवाला के गणमान्य व्यक्तियों ने सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# विधायक ने गिनाईं केंद्र की उपलब्धियां

- सरकार ने योजनाओं से हर वर्ग के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया : भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

विधायक विनोद भयाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर और मध्यम वर्ग के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया है। शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक भयाना ने कहा कि वर्ष 2014 से देश की बागडोर भारतीय जनता पार्टी के हाथों में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनसेवा का एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक और कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं, जिनका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित हुआ और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत दिलाई गई। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों के खातों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की राशि सीधे भेजी जा रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित होगा।

#### आयुष्मान योजना गरीबों के लिए वरदान



विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हुई है, जिसके तहत पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध करवाए गए हैं।

**उपलब्धि** अब प्री-नेशनल में करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व, अकादमी में जश्न का माहौल

# हिंदू शूटिंग अकादमी के सात निशानेबाजों ने किया स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

- प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने धैर्य, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता के साथ किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी




हांसी। स्टेट चैंपियनशिप क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी अपने कोच अनिल कुमार व सतबीर के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

हिंदू शूटिंग अकादमी के सात निशानेबाजों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर अकादमी का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से अकादमी में जश्न का माहौल है। अब ये सभी खिलाड़ी प्री-नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वालों में राइफल वर्ग से मान्या और जयंत शामिल हैं। वहीं पिस्टल वर्ग से सरिता, अक्षत, कार्तिक, दक्ष और दक्ष पूनिया ने अपनी जगह पक्की की है। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने धैर्य, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया।

#### राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे खिलाड़ी

अकादमी के प्रशिक्षक अनिल कुमार और सतबीर सिंह ने बताया कि सभी खिलाड़ी लंबे समय से नियमित अभ्यास और कठिन प्रशिक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर खुद को तैयार किया, जिसका नतीजा आज सामने है। उन्होंने बताया कि अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। मौजूदा उपलब्धि इसी दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि अकादमी को भरोसा है कि प्री-नेशनल में भी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे। अकादमी परिवार ने मान्या, जयंत, सरिता, अक्षत, कार्तिक, दक्ष और दक्ष पूनिया को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई आदमपुर में जागरूकता कार्यक्रम

**आदमपुर।** सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), आदमपुर में एक जागरूकता एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सांस्कृतिक टीम के कलाकार अनिल कुमार, आजाद सिंह खांडा खेड़ी, महावीर शर्मा, राजेंद्र, मनोज तथा महेंद्र सिंह ने गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा सामाजिक जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

**हांसी।** जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों एवं युवाओं के शारीरिक तथा मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए योग प्रोटोकॉल का विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। यह अभ्यास सत्र 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के लिए आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम में योग सहायक संजना द्वारा बच्चों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का विधिवत अभ्यास करवाया गया।

### सरसों की चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने सरसों चोरी के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अंकित एवं आशीष निवासी बोबुआ के रूप में हुई है। भूपेन्द्र सिंह निवासी गांव बोबुआ ने थाना बरवाला में शिकायत दी कि उसने अनाज भंडारण के लिए कमरे बनाए हुए हैं, जिन पर ताला लगा रहता है। गत 6 जून को सुबह लगभग 6 बजे जब वह मौके पर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखी सरसों के कट्टे चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था । मामले की जांच उपनिरीक्षक नवीन द्वारा की गई। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजकीय महाविद्यालय में योग करवाया गया

**बरवाला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय में योग सत्र का आयोजन किया गया। मीडिया संयोजक आशीष कुमार और पंकज रहेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा के मार्गदर्शन में किया गया। योग अभ्यास का संचालन स्टाफ सदस्य सुदेश द्वारा करवाया गया। जिसमें उपस्थित कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। प्राचार्य ने सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। संदीप, ऋतिक, अनिल, राहुल, पंकज कुमार, आशीष कुमार, विकास चन्द्र, दीक्षा, स्वाति, रजनीबाला आदि मौजूद रहे।

### असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर में योग

# योग, अध्यात्म, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण का दिखा प्रेरणादायक संगम

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 15 दिवसीय असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के छठे दिन योग, अध्यात्म, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण का प्रेरणादायक संगम देखने को मिला। शिविर में बड़ी संख्या में योग साधकों, प्रशिक्षुओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य, संस्कार और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश ग्रहण किया। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति, हिसार के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि शिविर के शुभारंभ पर बाल संस्कार शिविर के बाल साधकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नन्हे साधकों द्वारा किया गया दीप प्रज्वलन भारतीय संस्कृति, श्रेष्ठ संस्कारों एवं उज्वल भविष्य के निर्माण का प्रेरणादायी प्रतीक बना। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शरीर ही सभी साधनों का आधार है। यदि शरीर स्वस्थ होगा तभी व्यक्ति स्वयं, अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में सार्थक योगदान दे सकेगा। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पद्धति है। उन्होंने बताया कि आगामी 14 जून को आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय वैदिक हवन यज्ञ के लिए सभी नागरिकों से परिवार सहित भाग लेने का आह्वान किया गया है। उन्होंने बताया कि यज्ञ से पूर्व प्रतिभागियों को वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन करने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।



हिसार। शिविर में योगाभ्यास करते साधक। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजद

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य , संजीव शर्मा , सुनील कक्कड़ , जोगेन्द्र दलाल , राजेश कुमार , राजबीर बलहारा , कमलेश , नरेन्द्र , मनोज सहित सभी पदाधिकारियों, योग साधकों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साह एवं श्रद्धा भाव से योगाभ्यास किया।

### योग को जीवन का हिस्सा बनाकर ही रह सकते स्वस्थ एवं निरोगी : ज्योति



**हिसार।** योग केवल पांच दिन का अभ्यास नहीं है, बल्कि इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। पांच दिन योग सीखना एक माध्यम हो सकता है, लेकिन जब तक योग को दैनिक जीवन में नहीं अपनाया जाता, तब तक उसके वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हो सकते। यह बात हिसार की उपमंडलाधीश ज्योति मित्तल ने भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिंदल पार्क में आयोजित योग शिविर के प्रथम दिन उपस्थित होकर उन्होंने स्वयं भी योगाभ्यास किया तथा प्रतिभागियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। प्रकल्प प्रमुख नीरज जिंदल ने बताया कि यह योग शिविर पांच दिनों तक चलेगा। शिविर में भारतीय योग संस्थान, हिसार के अध्यक्ष सुरेश जांगड़ा योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों के निवारण के उपायों की जानकारी देंगे। इस अवसर पर शाखा महिला प्रमुख डॉली जैन ने उपमंडलाधीश ज्योति मित्तल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। फोटो 12 एचएसआर 5: हिसार : साधकों को संबोधित करती हुई एसडीएम ज्योति मित्तल।



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो: हरिभूमि

### शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही प्रशासनिक सफलता का पैमाना : उपायुक्त

- सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि वे आमजन की शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। नागरिकों को एक ही समस्या के लिए बार-बार शिकायत दर्ज करवाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही प्रशासनिक कार्यों की वास्तविक सफलता का पैमाना है।

इससे पूर्व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, आईएएस द्वारा सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान के बाद पोर्टल पर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायत से संबंधित सभी तथ्य, जांच रिपोर्ट एवं समाधान की जानकारी स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनी रहे। हर शिकायत का समाधान होना जरूरी है। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त प्रदीप हुड्डा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नप का विशेष सफाई अभियान



**हांसी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को हांसी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर में त्रिकोण पार्क से चारकुतुब तक विशेष सफाई अभियान चलाकर सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। इस दौरान जगह-जगह फैले कूड़े-कचरे को उठाया गया तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि शहर की सुंदरता और जीवन स्तर में भी सुधार होता है। नगर परिषद अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे घरों और दुकानों का कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग दें।

## नारनौंद में सेना के जवान रामबीर सिंह को राजकीय सैनिक सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

- सेना में आर्डिनेंस कोर में क्लर्क रहे रामबीर सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया, वे दिल्ली के एक अस्पताल में उपचाराधीन थे

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौंद

गांव बास अकबरपुर गांव के रहने वाले 38 वर्षीय सेना के जवान रामबीर सिंह देश की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पंचतत्व में विलीन हो गए। शुक्रवार को उनके पैतृक गांव बास अकबरपुर में पूरे राजकीय और सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस भावुक पल के दौरान जब शहीद की दो छोटी बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। देशभक्ति के गगनभेदी नारों के बीच वीर जवान को अंतिम विदाई दी गई। प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार सहित अनेक अधिकारियों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। बीमारी से लड़ते हुए तोड़ा दम रामबीर सिंह का बचपन से ही देश सेवा का सपना था। गांव के ही सरकारी स्कूल से 12वीं करने के बाद, साल 2009 में उनका चयन सेना की 'आर्डिनेंस कोर' में क्लर्क के पद पर हुआ था। ड्यूटी के साथ-साथ पढ़ाई के शौकीन रामबीर ने बीए की डिग्री भी हासिल की। करीब दो साल पहले रामबीर सिंह बीमार हो गए थे, जिसके बाद उनकी पोस्टिंग दिल्ली यूनिट में की गई और दिल्ली के एक हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। 10 दिन पहले अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया, गुरुवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली।



नारनौंद। सलामी देते सेना के जवान, साथ में खड़े ग्रामीण।

#### सेना के वाहन में पहुंचा पार्थिव शरीर



शुक्रवार की सुबह उनके पार्थिव शरीर को सेना के वाहन में अंतिम संस्कार के लिए गांव में लाया गया। पूरे राजकीय सम्मान के साथ हिसार कैंट से सेना के सूबेदार नारायण सिंह ओर सेना के जवानों ने उनको सलामी दी। नारनौंद के नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी पवित्र सिंह, सरपंच नरेंद्र उर्फ चरणा, सतरोल खाप के पूर्व प्रधान सूबेदार इंदर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उनको नाम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

### प्रिंसिपल एसोसिएशन की बैठक में दाखिला तिथि बढ़ाने पर चर्चा



**हिसार।** दयानंद कॉलेज में प्रिंसिपल एसोसिएशन, गवर्नमेंट एडेड कॉलेज हरियाणा की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रिंसिपल एसोसिएशन के प्रधान एवं मेजबान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने की। बैठक में उप-प्रधान डॉ. राजपाल, महिला कॉलेज झोझू कलां की प्राचार्य तथा सीआरएम जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बाजिया सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से कॉलेजों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाने पर चर्चा की गई, ताकि ग्रामीण और वंचित वर्ग के अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। वर्तमान में दाखिले की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के सदस्य डॉ. सतरूप ढांडा को ज्ञापन सौंपा। डॉ. ढांडा ने मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला आज से



हिसार। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की जिला कमेटी की बैठक में उपस्थित सदस्य।

**हिसार।** हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति और हरियाणा विज्ञान मंच के संयुक्त तत्वावधान में 13 और 14 जून को दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला मटका चौक के पास स्थित जाट कॉलेज में आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और विज्ञान के व्यावहारिक महत्व को समझाना है। पहले दिन वैचारिक सत्र में व्याख्यान होंगे। कार्यशाला का शुभारंभ 13 जून को जाट कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र कुमार बाजिया करेंगे। इसके बाद 'विज्ञान का इतिहास' विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. सतीश कालड़ा पूर्व वैज्ञानिक एचएयू अपने विचार रखेंगे। 'वैज्ञानिक मानसिकता' विषय पर वेदप्रिय पूर्व प्रिंसिपल उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। विज्ञान और समाज' पर प्रो. प्रमोद गौरी विस्तार से प्रकाश डालेंगे। दूसरे दिन व्यावहारिक गतिविधियां और विज्ञान के प्रयोग होंगे। कार्यशाला के दूसरे दिन रविवार को व्यावहारिक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 'कम लागत के विज्ञान के प्रयोग' सत्र में बबीता, रणसिंह व रमेश चंद्र कम खर्च में विज्ञान को समझने के गुर सिखाएंगे। बैठक में डा. बलजीत सिंह भ्याण, धर्मसिंह, अनिता शर्मा, सुरेश गिरधर, सत्यवीर पंवार, प्रेम कुमार एडवोकेट, कुलदीप वर्मा, विरेंद्र सातरोड़ और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सदलपुर को मिला जोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**सम्मान किसानों के प्रति विवि की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक : प्रो. काम्बोज**

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत जोन-2 (जोधपुर) का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, फसल विविधीकरण, जैविक व प्राकृतिक खेती तथा डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि केन्द्र ने किसान प्रशिक्षण, ऑन-फार्म परीक्षण और नवाचारों के प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय सामूहिक प्रयासों को दिया। जोन-2 में हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के 66 कृषि विज्ञान केन्द्र शामिल हैं।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

### स्वर्ण पदक विश्व विजेता मधु वर्मा का अभिनंदन



हिसार। मधु का स्वागत करते कॉलोनी निवासी। फोटो: हरिभूमि

**हिसार।** अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता मधु वर्मा का विश्वासपुरम कॉलोनी पहुंचने पर कॉलोनी वासियों व विश्वास फाउंडेशन ने माल्यार्पण, पुष्प वर्षा, मिठाई वितरण, योग व वंदे मातरम के नारों का जयघोष करते हुए, ढोल की थाप पर नाचते हुए धूमधाम से अभिनंदन किया। मधु वर्मा का परिवार विश्वास पूरम कॉलोनी में रहता है। कॉलोनी वासियों में मधु वर्मा के स्वर्ण पदक जीतने पर खुशी के लहर दौड़ गई। सभी ने उनके माता-पिता को बेटी की जीत पर बधाई व शुभकामनाएं दी। मधु वर्मा के सम्मान में सभी कॉलोनी वासियों ने उनके स्वागत में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वास फाउंडेशन व कॉलोनी वासियों ऋषि ओमप्रकाश छाबड़ा ने मधु वर्मा को 11 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि व शिरोपा भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ऋषि ओम प्रकाश छाबड़ा, संजय सेहरा, जयवीर पंघाल प्रधान, अशोक वशिष्ठ, सुशील कालीरमन, नरेंद्र अरोड़ा, मेवा सिंह दुहन, नरेंद्र, पवन बूरा, सुखवीर फोगाट, प्रेम सागर, दिगंबर नेहरा, डीडी मेहता व अन्य कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

### गुजवि के 13 विद्यार्थियों को मिली कंपनियों में प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से पिछले सप्ताह के दौरान आयोजित ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों के 13 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिली है। चयनित विद्यार्थियों को प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने के अवसर मिले हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि एमबीए जनरल के संजय कुमार व कुशल पाल, एमबीए फाइनेंस के नितेश कुमार, एमबीए मार्केटिंग की सोनिया, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स की पदमा व विजय कुमार बेरागी को इनोनोवेक्स प्राइवेट लिमिटेड में, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सौरभ व प्रेम चंद को एमजे ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में, बीटेक प्रिंटिंग के मनीष व योगेश तथा बीटेक प्रिंटिंग के विकास व रोहित को जीएलएस फिल्मस में चयनित किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## गेहूं की पराली के अवशेष से बनेगा प्राकृतिक फूड इमल्सीफायर

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पराली जलाने की समस्या के समाधान और कृषि अपशिष्ट के मूल्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एचएससीएसआईटी), प्रदेश सरकार द्वारा 35 लाख रुपये का शोध प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के शोधकर्ताओं को गेहूं के भूसे (व्हीट स्ट्रॉ) से प्राकृतिक फूड इमल्सीफायर विकसित करने के लिए यह शोध परियोजना मिली है। 'वेलोराइजेशन ऑफ व्हीट स्ट्रा फोर दा डवेलपमेंट ऑफ नेचरल इमल्सीफायर ए सस्टेनेबल सोलूशन फोर एग्रो-वेस्ट मैनेजमेंट' शीर्षक से संचालित इस परियोजना का नेतृत्व प्रधान अन्वेषक (प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर) डॉ. उस्मान अली कर रहे हैं। उनके साथ सह-अन्वेषक (को-प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर) के रूप में डॉ. सोनिका तथा इंजी. अंकुर लूथरा कार्य करेंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने डॉ. उस्मान अली व उनकी टीम को बधाई दी और कहा कि यह परियोजना कृषि अपशिष्ट प्रबंधन और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि गेहूं की पराली जैसी कृषि अवशेष सामग्री को मूल्यवान उत्पादों में परिवर्तित करना न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर भी सृजित करेगा।

डॉ. उस्मान अली व उनकी टीम ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, डीन रिसर्च एंड डवेलमेंट प्रो. नीरज दिलबागी, डीन एफईबीएसटी प्रो. अलका शर्मा तथा खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो. आराधिता बीरे के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

**कैसे काम करेगी यह तकनीक:** शोधकर्ताओं के मुताबिक, गेहूं का भूसा प्राकृतिक पॉलीसैकेराइड्स, खासकर सेल्यूलोज का समृद्ध स्रोत है।

**नैनोसेल्यूलोज में बदलाव :** इस प्रोजेक्ट के तहत भूसे से पहले सेल्यूलोज निकाला जाएगा और फिर उसे उन्नत 'सेल्यूलोज नैनोफाइबर' (नैनोसेल्यूलोज) में बदला जाएगा।



हिसार। शोध टीम को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति

भारत दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है, जहां हर साल लगभग 50 करोड़ टन कृषि अवशेष निकलता है, जिसमें अकेले गेहूं का हिस्सा 11 करोड़ टन है। हरियाणा और पंजाब में इसे खेतों में जलाने से वायु प्रदूषण, स्मॉग और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता घटने जैसी बड़ी समस्याएं होती हैं। यह शोध इस समस्या को जड़ से खत्म करने की क्षमता रखता है।

#### क्या होता है इमल्सीफायर?

खाद्य उद्योग में तेल और पानी को आपस में मिलाए रखने के लिए इमल्सीफायर का इस्तेमाल किया जाता है। सॉस, मेयोनीज, बेकरी उत्पाद और कोल्ड ड्रिंक्स में इसका बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। वर्तमान में कंपनियां इसके लिए सिंथेटिक या पशु-आधारित तत्वों पर निर्भर हैं। वैज्ञानिकों द्वारा तैयार यह प्लांट-बेस्ड विकल्प पूरी दुनिया में प्राकृतिक फूड एडिटिव्स की मांग को पूरा करेगा।

**प्राकृतिक विकल्प:** इस नैनोसेल्यूलोज का इस्तेमाल क्लीन-लेबल और जैव-आधारित 'फूड इमल्सीफायर' के रूप में होगा।

### मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण के क्षेत्र में लिखी नई इबारत

**हिसार।** भाजपा प्रवक्ता एवं समाजसेवी पीयूष महता ने प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लंबे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि देश ने उनके दूरदृष्टा नेतृत्व में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं तथा वैश्विक स्तर पर अपनी अलग और मजबूत पहचान स्थापित की है। उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा। देशवासियों को इन 12 वर्षों की उपलब्धियों पर गर्व है और भारत आने वाले समय में विश्व में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सशक्त करेगा। भाजपा प्रवक्ता पीयूष महता ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना रहा है।